04 श्रद्धा और उत्साह से निकाली जा रही डुंडी यात्रा



05 नए शिक्षा सत्र का आगाज, बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेशोत्सव...






## समाचार संक्षेप

### छतरी मोहल्ला में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत कथा



**बजरंगगढ़।** कस्बे में चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर गणेश छतरी के पास श्री मद भागवत कथा का आयोजन 30 मार्च से 5 अप्रैल 25 तक किया जा रहा है। कथा वाचक पंडित रामजी कृष्ण महाराज है। कथा का समय दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक है। जिसके आयोजक समस्त गणेश चौकी समिति है।

### सीएम राइज में मनाया प्रवेशोत्सव



**चांचौड़ा।** सीएम राइज शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांचोड़ा में मंगलवार को प्रवेश उत्सव बड़े उत्साह पूर्वक मनाया गया। छात्रों को प्रवेश के साथ निशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया । इस अवसर पर जनप्रतिनिधि पार्षद प्रभारी प्रियांशु राजावत वार्ड 08 के साथ अभिभावक तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहे । कार्यक्रम का आभार प्रभारी प्राचार्य कृष्णगोपाल मीना ने किया तथा सी. एम. राइज की अवधारणा के बारे में छात्रों एवं अभिभावको को अबगत कराया। मंच संचालन डॉ. सोनिया गौतम उ.मा.शि. ने किया।

### परशुराम जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक 8 अप्रैल को

**गुना।** भगवान परशुराम का प्रकट्योत्सव मनाने के लिए आगामी 8 अप्रैल को सर्व ब्राह्मण समाज की बृहद बैठक आयोजित की जा रही है। संगठन के मीडिया प्रभारी आनंद व्यास ने बताया कि इस बैठक में सभी बिप्र बंधुओं को आवश्यक रूप से उपस्थित रहने की अपील की गई है। सनातन सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष पं. रजनीश शर्मा पिंकू द्वारा बताया गया है कि इस बार 30 अप्रैल को भगवान श्री परशुराम का प्रकटयोत्सव भव्य स्तर पर मनाया जाएगा। इसे लेकर 8 अप्रैल को सायं 5 बजे बजरंगढ़ बायपास गुना स्थित त्रिमूर्ति भवन में बैठक आयोजित होगी।

### पहली पत्नी के घर आकर सोया अधेड़ सुबह नहीं उठा, लगे हत्या के आरोप

**गुना।** अशोकनगर जिले से गुना में अपनी पहली पत्नी के घर बेटे की शादी का कार्ड देने आया शख्स रात को वहीं पर सो गया ,लेकिन सुबह नहीं उठा । शख्स की संदिग्ध मौत हो गई। मामले में मृतक के परिजनों ने पहली पत्नी पर हत्या के आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया और परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार अशोकनगर के कदवाया का रहने वाला महेन्द्र अपने छोटे बेटे की शादी के कार्ड बांटने गुना आया था। यहां वह अपने रिश्तेदारों को कार्ड बनते हुए जब उसकी पहली पत्नी के घर गया तो रात को वहीं सो गया था। लेकिन सुबह उठा नहीं तो उनकी पहली पत्नी अस्पताल लेकर पहुंची । जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर परिजनों ने पहली पत्नी पर हत्या के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि रात को 10 बजे बात हुई थी। इसके बाद क्या एसा हुआ कि उनकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### महिला ने लगाए गंभीर आरोप, पहले किया गलत काम फिर किया बेचने का प्रयास

# उधार लेकर बनवा लिया पीएम आवास अब साहूकार मांगता है पैसे और किस्त मिली नहीं

### जिला मुख्यालय पर होने वाले पारंपरिक जनसुनवाई कार्यक्रम में सैकड़ों लोग पहुंचे अपनी समस्या लेकर







हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

बमोरी में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मौजूदगी में सोमवार को विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें तमाम लोगों की समस्याएं हाथों हाथ सुलझ गई थीं । इसी उम्मीद को लेकर मंगलवार को जिला मुख्यालय पर होने वाले पारंपरिक जनसुनवाई कार्यक्रम में भी सैकड़ों लोग पहुंचे जिन्होंने अपनी शिकायतें प्रशासन के मुखिया के सामने उसी अपेक्षा से,उसी अंदाज में रख दीं। एसबीआई कियोस्क के माध्यम से धोखाधड़ी करने एवं ग्राहकों के पैसे निकालने वाले मां बेटे की शिकायत की गई है । एटीएम में पैसा डालने वाले सात कर्मचारियों ने 6 महीने से वेतन न मिलने से दुखी होकर कंपनी को दोषी बताया है। एक अन्य शिकायत में प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए साहूकार से पैसा उधार ले लिया,लेकिन किस्तें पूरी नहीं मिलने से अब परेशानी बढ़ गई है ।इसके अलावा पुलिस अधीक्षक से भी एक गंभीर शिकायत की गई है जिसमें जन्मदिन के बहाने महिला को बुलाकर उसके साथ गलत काम करने का आरोप लगाया गया है।

#### कियोस्क धारक मां बेटे की शिकायत

पुरानी छावनी राम जानकी मन्दिर कुशवाह क्षेत्र में निवासी बोले कि हम सोनू कुशवाह और उसकी माँ प्रेमलता जो कियोस्क धारक है उससे पैसे का लेन-देन करते थे। विश्वास के तौर पर खाता चेक नहीं करते थे और वह दोनो ही हमको एक सादा पेपर पर शेष बैलेस लिख कर देते थे। लेकिन इन दोनो के द्वारा सभी ग्राहकों के पैसे के साथ घोखाधडी करना एवं पैसे लेकर खाते में पैस जमा न करना और ग्राहको के पैसे ज्यादा निकाल कर पैसे कम देना जैसी धोकाधडी करने लगे थे।एक दिन दोनो ही कियोस्क बन्द करके कही चले गये तो फिर हमारे द्वारा कही दूरगामी कियोस्क पर खाता चेक कराया तो पता चला कि खातों में पैसा ही नहीं है एवं सोनू और प्रेमलता 15,16380 ले गये है। दोनो पर जल्द से जल्द कानूनी कार्यवाही करें एवं इनका पता लगाकर सभी के पैसे दिलवाए।

#### जबजस्ती ले जाकर गलत काम करने के संबन्ध में रिर्पोट

महिला ने बताया कि उसको बहला फुसलाकर जन्मदिन में ले जाने के बहाने दो लोगों द्वारा आरोन से बाहर विदिशा जिले के गांव ले जाया गया जहां जीजा के घर पर भोगनी जबजस्ती रख लिया और धमकी दी की यदि तुने चिल्लाचोट की तो जान से मार देगे। फिर मेरे साथ तीनों ने मिलकर दो दिन तक गलत काम किया।फिर मुझे वहा से जवजस्ती नीद की गोली देकर ग्राम जयपुर ले गये बहीं15 दिन रखा और गलत काम किया जब पुलिस ने व्यान देने बुलाया तो मुझे धर्मेन्द्र ने धमकी दी की अगर मेरे पक्ष में व्यान नहीं देगी तो हम तुझे खत्म कर देंगे । मैं डर गई मैं पुलिस थाने आरोन आई तो मुझे थाने में रात 4 बजे धमकी दी की यदि तुमने धर्मेन्द्र के खिलाफ व्यान दिया तो तुम्हारे बच्चों को बंद कर देंगे ।

मैंने डर के मारे कुछ नहीं बोला पुलिस ने अपनी मर्जी से मेरा व्यान लिख लिया और मेरे हस्ताक्षर करा लिये। महिला ने उसका मंगलसूत्र छुड़ा लेने और पति की मोटरसाइकिल भी छुड़ाकर रख लेने जैसे कई आरोप लगाए हैं। इतना ही नहीं उसने आरोपियों पर उसे बेचने के प्रयास का गंभीर आरोप भी लगायया है।

#### उधार पैसे लेकर बनाया पीएम आवास

राजबाई पत्नि नारायण सिंह निवासी ग्राम आगल्या को वर्ष 2021-2022 में आवास स्वीकृत हुआ। जिसकी केवल दो किस्त प्राप्त हुई है।

बार-बार जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत द्वारा परेशान किया कि आवास पूरा करो नहीं तो हम कार्यवाही करेंगे और जेल भिजवा देंगे। डर के मारे गांव में ही रूपये उधार लिए और आवास को पूरा कर लिया है। जिस से उधार रुपए लिए थे। वह परेशान कर रहे हैं। मैं 20 से 25 चक्कर लगा चुकी हूँ। मुझसे कह देते हैं कि हमने राशि डालदी खाते में चार-पांच दिन में पहुंच जायेगी। सभी विभागों ने मुझे बहुत परेशान कर दिया है । कलेक्टर साहब को आवेदन देने जाती हूं तो मुझे कलेक्ट्रेट के बाहर ही आवास वाले अधिकारी रोक लेते हैं ।

#### एजीएस कम्पनी से वेतन का भुगतान कराएं

अजय कुमार अहिरवार ,सुनील मीना मनीष शर्मा गनमैन , मनोज ओझा ड्रायवर ,हरवेन्द्र जाटव ,निरकेश और अनिल यादव गनमैन ने कहा कि हम सातों पिछले 5 वर्षों से **AGS Secure Value India Ltd**. में कार्य करते हैं। हम गुना जिले के एमटीएम में कैश लोडिंग और कैश पिकअप का कार्य करते हैं। जिसका मासिक वेतन कम्पनी द्वारा **PF- ESIC** काटने के बाद रूपये 11500 एवं 2000 रूपये कन्वेन्सन के रूप में दिया जाता था।किन्तु अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक लगभग 6 माह का वेतन एवं पिछले 2 साल का कन्वेन्स हमें नहीं दिया गया ।हमारे द्वारा कम्पनी में सम्पर्क करने पर किसी भी प्रकार का प्रत्युतर नहीं दिया जा रहा है। इस कारण हम सभी मानसिक ,शारीरिक एवं आर्थिक रूप से परेशान हैं। हम लोग अपने परिवार का भरण-पोषण नहीं कर पा रहे है। अतः मामले की गंभीरता को समझते हुये हमारी समास्या का उचित निराकरण करके हमे हमारे रूके हुये वेतन को दिलवाने का कष्ट करें।

## बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा गौ माता पर दिए गए बयान से नाराज बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए हनुमान चौराहा पर पुतला फूंका मंगलवार को बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का पुतला फूंक नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया । एवं कलेक्ट्रेट पहुंच कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने इसे गौमाता का अपमान बताया है। 'गौशाला और गौमाता पर टिप्पणी सनातन परंपरा का अपमान' इस मामले में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राकेश शर्मा ने भी कड़ी प्रक्रिया जताते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी और उनके मुखिया सनातन विरोधी भाषण बाजी कर रहे हैं । गाय माता इस देश की पुरातन परंपरा है। गौशाला के ऊपर जो टिप्पणी अखिलेश यादव ने की है। वह बेहद निंदनीय है। विश्व हिंदू परिषद ने भी इस मामले में अपना विरोध प्रदर्शन किया है अखिलेश यादव द्वारा की गई। टिप्पणी गौ माता और सनातन परंपरा का अपमान है । पुतला दहन करने वालों में जिला सह मंत्री रामप्रसाद शर्मा,जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ओझा,जिला गो रक्षा प्रमुख राजेंद्र कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गौड़, बजरंगदल जिला संयोजक भूपेंद्र कुशवाहा, बजरंगदल जिला सह संयोजक गौरव कुशवाहा, एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।






### मुख्यमंत्री ने भोपाल से 'स्कूल चलें हम अभियान-2025' का किया शुभारंभ

# विद्यार्थियों को तिलक लगाकर मनाया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुना में स्कूल चलो अभियान 2025 के अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के राज्य स्तरीय कार्यकम का भोपाल से सजीव प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य को जीवन के दो सबसे महत्वपूर्ण पहलू बताते हुए कहा कि शिक्षित परिवारों में अनुशासन स्वतः बना रहता है। उन्होंने बताया विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छता, जल एवं बिजली संरक्षण जैसे विषयों पर भी जागरूक रहना चाहिए।

उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचें एवं परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहना सुनिश्चित किया जाए ।इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ने भी विद्यार्थियों को सफलता के तीन मूल मंत्र दिए पहला पढ़ाई में शत प्रतिशत समर्पण, दूसरा प्रतिदिन पाठ्यक्रम की पूर्व में ही तैयारी, तीसरा अपनी विशेष क्षमताओं की पहचान कर उन पर कार्य करना ।इस अभियान के अंतर्गत आगामी समय के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई है। जिसमें 02 अप्रैल को 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम, 03 अप्रैल को सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियाँ तथा 04 अप्रैल को कक्षा उन्नति में असफल रहे विद्यार्थियों को पुनः चिन्हित कर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा पुस्तकें वितरित की गईं। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य सीएम राइज आशीष टांटिया ने किया एवं आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी सीएस सिसौदिया द्वारा किया गया।

#### धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव

**चांचौड़ा।** पीएम श्री शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बीनागंज में संकुल प्राचार्य सुरेश कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। श्री गुप्ता द्वारा नव प्रवेश बालक बालिकाओं का तिलक कर स्वागत किया व सभी को उपहार स्वरूप अपनी ओर से पेन भेंट किए।इससे पूर्व अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, व भारत माता के श्रीचरणों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



प्रवेशोत्सव की अध्यक्षा विद्यालय प्राचार्य हुकुमचंद साहू ने की संचालन सुधा सोनी द्वारा किया गया। आभार गोपाल मैथिल ने व्यक्त किया।प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को श्री गुप्ता के आलावा विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सपना अहिरवार, रमा मीना, राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक कृष्ण गोपाल मीना, अभिषेक मीना, महेन्द्र सिंह भील, दीपक प्रजापति, वैशाली साहू, अनुराधा साहू, वन्दना बरौनियां, कृष्णा शाक्य आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर तमन्ना जाटव, रामश्रीसेन, आयुषी यादव, वंशिका अहिरवार, सिमरन, दिलकश सहित बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं एवं पालक मौजूद रहे।

## जिले के आरोन नगर में हजारों वर्षों से नव वर्ष प्रतिपदा से रामनवमी तक आस्था का केन्द्र

# श्रद्धा और उत्साह से निकाली जा रही डुंडी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

गुना जिले के आरोन नगर में हजारों वर्षों से नव वर्ष प्रतिपदा से रामनवमी तक एक बड़ी श्रद्धा एवं आस्था के साथ नगर में डुंडी यात्रा का आयोजन बड़ी श्रद्धा के एवं उत्साह एवं उमंग के साथ नगर में मनाया जाता है नगर में डुडी कब से निकल जाती है ।

इसका ठीक ठीक जानकारी तो नहीं है परंतु बुजुर्गों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार यह डुंडी प्रथा नगर में बरसों पुरानी है डुंडी मराठी भाषा की डंडी शब्द है जिसका अर्थ यात्रा होता है । इसी को लेकर के नवबर्ष प्रतिपदा के समय नगर में श्री हनुमान जी महाराज नगर की हाल-चाल जानने के लिए यह यात्रा निकली जाती है यह ज्ञात हो आरोनग्वालियर राज की जागीर के रूप में उल्लेखित है । यह ममी साहब की जागीर के नाम से राज्स्व रिकॉर्ड में उल्लेखित है यहां जागीरदार कृष्ण राव देवराम जादव हुआ करते थे यहां पर एक छोटा सा किला कभी इनका मुख्यालय हुआ करता था यहां पर अधिकांश अधिकारी कर्मचारी महाराष्ट्रीयन समाज के होते थे इनका क्षेत्र में बोलबाला था । इनमें मुख्य त्यौहार इनकी तुकाराम जयंती दत्त जयंती विशाल स्तर पर मनाई जाती थी। इसके उपलक्ष्य में विशाल क्षेत्रीय स्तर का भंडारा मामी साहब की छतरी पर जहां आज भी दत्त भगवान का छोटा सा मंदिर स्थित ह। ै गुड़ी पड़वा श्रद्धा के साथ मनाई जाती थी उन दिनों से हनुमान जी की कास्ट प्रतिमा को नगर मेंएक व्यक्तिसिर पर रखकर निकलता है जिसके आगे बैंड बाजों भजन मंडली के साथ भक्त श्रद्धा से झुमते नाचते भक्ति में विभोर होकर चलते है घर-घर आरती पूजन की जाती है तथा श्रद्धालुओं को फलाहार स्वल्पाहार भी कराया जाता है । यह यात्रा नगर में स्थित श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्ग सदर बाजार गुलाबगंज दास हनुमान मंदिर दत्त मंदिर शिव कॉलोनी होते हुए पुराना बस स्टैंड गणेश्वरी प्रताप मार्ग मोहल्ला सारचबूतरा मोहल्ला होते हुए विजय हनुमान गणेश मंदिर सदर बाजार से वापस राम मंदिर पर तुकाराम तन दो तुकाराम ज्ञान दो नारों के साथ मंदिर पर मराठी भाषा में जय जय जय जी रघुराजा पंचारत में वारो बल जाऊं महाराज एक राधा एक रुक्मणी एक सीता माती मोर बड़े भक्ति भाव के साथ गई जाती है । पूर्व में श्री रामचंद्र राव सर्वेकर बड़े मास्टर साहब के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर कार्यक्रम रामकृष्ण देव छोटे मार साहब के द्वारा संपन्न कराई जाती थी । वर्तमान में डुंडी समिति द्वारा इसका विधिवत संचालन किया जा रहा है प।ू जा अर्चना का कार्य पंडित बालकृष्ण बल्लू महाराज द्वारा निरंतर जारी श्री राम नौणी के बाद दशमी तिथि को भगवान राम एवं नृसिंह भगवान के रथ निकाले जाते हैं इस अवसर पर लौकनृत्य राई को देखने ग्रामीणजनो की भारी संख्या होती है राई नृत्य आकृषण का केंद्र होता है इस प्रकार से यह दश दिवसीय धार्मिक आयोजन कार्यक्रम का समापन होता है।



## संक्षेप समाचार

### अपने मां-बाप की खिदमत करो, मां के पैरों तले जन्नत है और बाप है जन्नत का दरवाज़ा

**राघौगढ़।** काज़ी आमिल मोहम्मद अनीस रहमानी शहर क़ाजी तहसील राघौगढ़ व अध्यक्ष जमीअत उलमा जिला गुना ने मदरसा बरखेड़ी राघौगढ़ में ईद की नमाज अता की। इस अवसर क़ाजी साहब ने कहा अपने मां-बाप की खिदमत करो मां के पैरों तले जन्नत है और बाप जन्नत का दरवाज़ा है यह तीन चीज़ जिसमें पाई जाती हैं , शराब पीता हो , उसके मां-बाप उससे नाराज हो , एक दूसरे में लड़ाई झगड़ा कराता हो एक दूसरे के रिश्ते तुड़वाता हो, ऐसा शख्स चाहे वह नमाज़ पढ़ता हो रोजा रखता हो इबादत करता हो मलिक इस मुबारक महीने रमज़ान में भी उसकी मग्फिरत नहीं करेगा। वही क़ाजी साहब ने मुल्क में अमनों अमान और भाईचारे के लिए दुआ करवाई । काज़ी साहब ने कहा कि मुल्क में अमन पसंद लोगों की तादाद ज्यादा है । नफरत पसंद लोग कम हैं इसलिए अमन पसंद लोगों को आगे आकर देश की नफरत को खत्म करना है और भाईचारे को आगे बढ़ाना है । जिससे हमारा देश तरक्की करे और भाई चारा आगे बढ़ेजिले भर में पर सुकून नमाज़ अदा की गई । इस मोके पर काजी साहब ने जिले भर के पुलिस प्रशासन का अमन क़ायम रखने पर शुक्रीया अदा किया और तमाम पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।



### मुनि संघ की राघौगढ़ में भव्य आगवानी हुई

**राघौगढ़।** दिगंबर जैन आचार्य संत शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, गौशाला प्रणेता मुनि विश्व सागर जी महाराज ने राघौगढ़ में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा जो व्यक्ति मात्र 6 मिनट भी मन लगाकर संत की अमृतवाणी सुन लेता है वह भवसागर पार हो जाता है। ऐसे ही हैं राघौगढ़ की धरा पर जन्मे मुनि निर्लेप सागर जी महाराज, जिन्होंने परम पूज्य आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के सानिध्य में आकर मुनि दीक्षा लेकर राघौगढ़ के नाम में गौरव लगा दिया। आपने कहा हम विहार कर बिजोलिया राजस्थान पारसनाथ तीर्थ के दर्शन करने जाने वाले थे। मगर राघौगढ़ बालों का पुण्य प्रबल था। मुनि संघ का आगमन राघौगढ़ में हुआ है। मुनि संघ के सानिध्य में प्रतिदिन प्रात 7बजे अभिषेक शांति धारा, प्रातः 8 बजे भक्तांमर महाकाव्य पर प्रवचन, दोपहर 3 बजे जैन ग्रंथ भगवती आराधना पर स्वाध्याय होगी। शाम को 6:00 बजे आचार्य भक्ति एवं मुनि शिव सागर जी महाराज के प्रवचन होंगे। साडा कॉलोनी राघौगढ़ से विहार मुनि विशद सागर जी, मुनि शिव सागर जी, छल्लक वैराग्य सागर जी जी का प्रातः 8बजे राघौगढ़ नगर में संत सुधा सागर धाम पर आगमन हुआ। सुधा सागर धाम पर मुनि संघ के सानिध्य में भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा हुई। तत्पश्चात गाजी बजे से मुनि संघ को जुलूस के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से होकर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। जहां जैन समाज के श्रद्धालुओं ने महाराज जी को श्रीफल भेंट कर ग्रीष्म काल में राघौगढ़ विराज कर धर्म प्रभावना मे बढ़ाने का आग्रह किया इसके पूर्व निर्लेप सागर जी महाराज के गगृहस्थ जीवन के पिताजी अनिल कुमार रावत, जैन समाज के अध्यक्ष अजय कुमार रावत, विजय कुमार जैन पत्रकार,जैन समाज के संरक्षक पवन कुमार जैन, उपाध्यक्ष अशोक भारिल्यने आचार्य विद्यासागर जी महाराज के चित्र के सम्मुख दीप जलन किया।



# मीनेष जयंती पर मीना समाज के सैकड़ों बच्चों को किया गया मत्स्य गौरव सम्मान से सम्मानित






हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मप्र मीना समाज सेवा संगठन इकाई गुना मीना परिवार-द्वारा सोमवार को देर रात बड़े ही धूमधाम से स्थानीय गार्डन में भगवान मीनेश की जयंती धूम धाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश नारायण मीना पूर्व कमिश्नर जीएसटी एवं जिला अध्यक्ष मीना समाज सेवा संगठन गुना, अध्यक्षता यशपाल रावत जिला अध्यक्ष मीना समाज जिला शिवपुरी, बिशिष्ट अतिथि हरी किशन मीना प्राचार्य नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़, भेपेन्द्र रावत शिवपुरी , प्रसादी लाल मीना रेल्वे स्टेशन मास्टर ब्यावरा, रणधीर सिंह मीना नायब तहसीलदार सारंगपुर, चाचौड़ा क्षेत्र से अनिरुद्ध मीना भेसुआ,रमेश मीना से.नि.फूड ऑफिसर, रामजीवन नलखेड़ा, धीरज सिंह मीना पूर्व सरपंच उकावद, ओम प्रकाश मीना रानीखेजरा, रणधीर सिंह मीना रामटेरी, हनुमत सिंह रमड़ा, गुना रेल्वे से हुकुम सिंह मीना ,हरकेश मीना ,चैनसुख मीना,मेघराज मीना,नानक राम मीना,विनोद मीना, केदार मीना,ख्याली राम मीना सहित अन्य मीना समाज के सामाजिक बंधुओ द्वारा कार्यक्रम का भव्य रूप में सफल आयोजन किया गया । अतिथियों अपने सम्बोधन में भगवान मीनेश के मत्स्य अवतार का विस्तृत वर्णन किया किया गया .इस दौरान राजस्थानी भाइयों द्वारा सामूहिक रूप से राजस्थानी लोक नृत्य कार्यक्रम में राजस्थानी लोक नृत्य ने धूम मचाई राजस्थानी भाइयों ने परिवार सहित लोक नृत्य की प्रस्तुति मनमोहन तरीके के दी गईअंत होली मिलन कार्यक्रम के बाद भोजन प्रसादी प्राप्त एक दूसरे को मीनेश जयंती की बधाई व शुभकामनायें दी गईगुना जिले के मीना समाज के 25 से अधिक बच्चे पुलिस आरक्षक पद पर व अन्य शासकीय सेवा में चयनित हुए हैं उन सभी को सम्मानित किया गया तथा 18 सफल उधमी व अपने संस्थान में व्यवसाय के माध्यम समाज में पहचान बनायी है उन्हें भी सम्मानित किया गया इसके बाद बोर्ड परीक्षाओं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 15 से अधिक सभी बच्चों को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर *मत्स्य गौरव सम्मान* से सम्मानित किया गया ओर उन्हें अतिथियों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया इस अवसर पर समाज में व्याप्त कुरीतिओं को दूर करने का संकल्प लिया तथा बेटी बचाओ थीम पर नन्ही बालिका द्वारा अपनी प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन लखन लाल नामदेव द्वारा किया गया ओर मीन सेना जिला प्रमुख पृथ्वीराज द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।



# हिंदू नव वर्ष एवं राम उत्सव कार्यक्रम हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड कुंभराज कि महर्षि बाल्मीकि मोहल्ला समिति पर हिंदू नव वर्ष एवं राम उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ । जिसमें विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री सोनू योगी ने राम दरबार के चित्र पर पुष्प माला दीप प्रज्वलित व आरती कार्यक्रम प्रारंभ किया एवं अपने बौद्धिक में बताया भगवान राम का जीवन सामाजिक समरसता के लिए जाना जाता है राम जी का जीवन चरित्र प्रेरणा का स्त्रोत है विधर्मियों ताकत को बजरंगीयों से डर लगना चाहिए क्योंकि भगवान राम ने में कहा हैबिनय न मानत जलधि जड़ गए तीनि दिन बीति।बोले राम सकोप तब भय बिनु होइ न प्रीति॥ प्रखंड समरसता प्रमुख दीपक योगी द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ करवाया गया जिसमें नगर गौ रक्षा प्रमुख सुमित वाल्मीकि ,नगर विघार्थि प्रमुख राजा केवट,नगर मिलन प्रमुख रिंकु प्रजापति , सुनिल केवट , अनिकेत कुशवाह ,क्रिश सैनी ,गोलू केवट , अर्जुन कुशवाह , आकाश मालवीय, अमित केवट, विशाल सैनी, अजय वाल्मीकि , संजू कुशवाह, राहुल सैनी अन्य सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

# कर्मियों ने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर एनपीएस और यूपीएस का विरोध किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर अपने कार्यस्थल पर कार्य कर रहे हैं। अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे के नेतृत्व में काली पट्टी बांधकर विरोध किया गया। सभी ने नारेबाजी कर एनओपीएस एव यूपीएस केवल पुरानी पेंशन की मांग की है और केंद्र सरकार से निवेदन किया है कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम बिल वापस लेकर 2005 से बंद पुरानी पेंशन लागू की जाए।

उन्होने कहा है कि एनपीएस में जहां सेवानिवृत्ति के पश्चात 60 प्रतिशत पैसा मिलता है और 40 प्रतिशत जमा पैसे पर पेंशन मिलती है। जबकि यूपीएस में सेवानिवृत्ति के अंतिम 12 महीने की गणना करने के पश्चात जिनकी सेवा अवधि सेवानिवृत्ति के समय 25 वर्ष होगी केवल उन्हीं को इसका लाभ मिलेगा। मध्य प्रदेश में बहुत सारी तकनीकी खामियां हैं शिक्षक संवर्ग को 2018 से नियमित माना गया है वह किसी भी प्रकार यूपीएस कानून में नही आ सकते। इसके अलावा अन्य विभाग के कर्मचारी अधिकारी भी यूपीएस लागू होने पर इसके नियम कानून के अंतर्गत नहीं आ पाएंगे कम से कम 10 साल सेवा अवधि होना निश्चित है। इसके अलावा अगर किसी कर्मचारी की सेवा के दौरान मृत्यु हो जाती है दुर्घटना हो जाती है तो 25 वर्ष की राह देखने के पश्चात ही उसको यूनिफाइड पेंशन स्कीम का लाभ मिलेगा यह तो एक प्रकार से अन्याय है हमें न तो नई पेंशन स्कीम चाहिए न यूनिफाइड पेंशन स्कीम चाहिए। हमें केवल और केवल 2005 से बंद पुरानी पेंशन प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के साथ सेवानिवृत्ति की अंतिम महीने का आधा वेतन महंगाई भत्ते सहित पुरानी पेंशन के रूप में चाहिए। इसमें कर्मचारी मनोज चैरसिया अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज भटनागर राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संतोष शर्मा राजाराम सेन रामेंद्र राजावत श्याम बिहारी शर्मा महावीर शरण श्रीवास्तव जलकन गुर्जर प्रकाश राय सुदामा प्रसाद सिहरे एवं अन्य ने यूपीएस के विरोध में नारेबाजी की और यूपीएस बिल वापस को वापस करो के नारेबाजी की।

# सचिन जैन बारी बने जैन मिलन सैंट्रल के अध्यक्ष

**अशोकनगर।** जैन मिलन सेंट्रल के सत्र 2025-26 के लिये सचिन जैन बारी को अध्यक्ष चुना गया है। यह निर्णय निर्वाचन सभा की बैठक मे किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची निर्वाचन अधिकारी एवं अध्यक्ष वीरेंद्र अथाईखेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को रात्रि में जैन भवन में आयोजित विशेष निर्वाचन सभा का प्रारम्भ महावीर प्रार्थना से हुआ। मंत्री सुनील बेलई एवं कोषाध्यक्ष संजय कन्हेरा ने वर्ष भर का आय व्यय प्रस्तुत किया निर्वाचन सहयोगी महेंद्र जैन कडेसरा के सहयोग से सम्पन्न निर्वाचन प्रक्रिया में सत्र 2025-26 के लिए सचिन जैन बारी को जैन मिलन सेंट्रल का अध्यक्ष घोषित किया गया ।सभा में उपस्थित सदस्यों ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में संस्था निरंतर उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर होगी ।आप एवं आपके द्वारा गठित ऊर्जावान टीम जैन मिलन सेंट्रल को नई ऊंचाईयां प्रदान करेंगी एवं भारतीय जैन मिलन आंदोलन में अग्रणी रहेगी । राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री आनंद गांधी , राष्ट्रीय संयोजक प्रमोद छाया,राजेश तारई, अजित जैन, सन्तोष सिन्नी, मनोज जैन, मनीष जैन, रोहित जैन, सुनील जैन, रिंकेश कांसल विपिन बाँझल , संजय सिंघई आदि ने नव निर्वाचित अध्यक्ष सचिन जैन बारी को बधाई देते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### वासु चौधरी का बैंक पीओ के पद पर चयन

**अशोकनगर।** सेवा निवृत शिक्षक राजेन्द्र चैधरी के पुत्र वासु चैधरी का चयन बैक ऑफ इडिया द्वारा आयोजित की गई थी। जिसमे बैक पीओ की परीक्षा मे चयन हुआ है। इस परीक्षा मे 6500 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। यह परीक्षा 13 फरवरी को आयोजित की गई थी। उनके इस पद पर चयन को लेकर शहर भर के नागरिको ने उन्हे शुभकामनाए दी है और आर्शीवाद प्रदान किया है।



# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिम्मेदारी से योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

साप्ताहिक समीक्षा बैठक मे शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओ की समीक्षा करते हुए कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने कहा कि योजनाओ का क्रियान्वयन पूरी गंभीरता से किया जाए। किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शिकायतों के जवाब में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी टीम भावना के साथ शासकीय कार्यो का संपादन करें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी शासकीय कार्यालय में ई-ऑफिस का संचालन किया जाना है। इस हेतु सभी विभाग शासकीय ई-मेल आईडी, अधिकारियों,कर्मचारियों की जानकारी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में निर्देशित किया कि अभियान में सभी अधिकारी सहभागिता करें। उन्होंने कहा कि चारों विकासखण्ड में निर्धारित लक्ष्य के खेत तालाब का निर्माण कराया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि वन विभाग के सहयोग से वन विभाग की भूमि पर अमृत सरोवर बनाए जाए। जिससे पशु,पक्षियों एवं जानवरों को पानी मिल सके। उन्होंने निर्देशित कि नगरीय निकाय अंतर्गत तालाबों का गहरीकरण का कार्य किया जाए। उन्होंने अमाही तालाब में श्रमदान कार्यक्रम करने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए सप्ताह में जल यात्रा का आयोजन किया जाए। नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाये जाने के निर्देश सीएमओं को दिए।

उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनवाडी भवन स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने समस्त सीएमओं को निर्देशित किया कि पीएम आवास योजना शहरी के तहत प्राप्त आवेदनों की सूची भेजी जाए। जिससे प्रस्ताव 11 अप्रैल तक शासन का भेजा जा सके। उन्होंने कहा कि पीएम आवास ग्रामीण के लिए सर्वे हेतु 30 अप्रैल तक तिथि बढाई गई है। इस हेतु कोई भी पात्र व्यक्ति सर्वे से वंचित न रहे यह सुनिश्तिच किया जाए। उन्होनें स्कूल चले हम अभियान के तहत भविष्य भेंट कार्यक्रम अंतर्गत अधिकारियों की डयूटी लगाई है। सभी अधिकारी संबंधित शालाओं में पहुंचकर बच्चों से संवाद करें। उन्होने सीईओ एवं सीएमओं को निर्देशित किया कि समग्र ईकेवायसी के लिए विशेष अभियान चलाकर ई-केवायसी का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए। साथ ही डुप्लीकेट समग्र आईडी हटाई जाए। उन्होंने राहत प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देशित किया कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में समय सीमा के लंबित पत्रों,उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्था सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा कर निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा नगर परिषद सीएमओं शमशाद पठान को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि सीएमओं द्वारा समग्र ई-केवायसी के उत्कृष्ट कार्य किया गया।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा,संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन एवं आर.बी.सिण्डोस्कर,डिप्टी कलेक्टर शुभ्रता त्रिपाठी,अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एन.एस.नरवरिया,समस्त एसडीएम,सीईओ जनपद पंचायत,सीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।




#### अर्जुन कप नाइट टूर्नामेंट 8वें दिन

# देर से आने पर अमरोद की टीम पर 10 रनों की पेनल्टी लगाई



**मुंगावली।** कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया की स्मृति में ज्ञानालय परिवार द्वारा आयोजित अर्जुन कप नाइट टूर्नामेंट के आठवें दिन हुए 4 रोमांचक मैचों ने सभी को उत्साहित कर दिया। पहला मैच अचलगढ़ बनाम सेहराई के बीच हुआ जिसमें सेहराई ने 7 विकेट से शानदार जीत हासिल की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अमन शर्मा रहे।

दूसरा मैच अमरोद बनाम लिधोरा कलां के बीच खेला गया जिसमें लिधोरा कलां ने 12 रनों से जीत दर्ज की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच विजय रहे। तीसरा मैच चिनकूपुर बनाम नादनखेड़ी के बीच हुआ जिसमें चिनकूपुर ने 7 विकेट से जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच सोनू बागड़ी रहे। रात्रि का आखिरी मैच सेहराई बनाम सुनपुरा के बीच हुआ जिसमें सेहराई ने 8 विकेट से एक तरफा जीत दर्ज की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच करन शर्मा रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ज्ञानालय परिवार के मुखिया अर्जुन सिंह यादव, दर्शन सिंह यादव, सांसद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र दांगी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरदारपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए एक विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का शुभारंभ विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव द्वारा किया गया, जिन्होंने स्वयं तालाब के गहरीकरण हेतु श्रमदान कर मिट्टी निकाली, जिससे जल संचय की क्षमता बढ़ेगी। यह अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलेगा, जिसमें जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।



कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री यादव ने स्थानीय ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि जल संकट को कम करने और प्राकृतिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तालाबों, कुओं और अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन, वृक्षारोपण और जनजागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य जल संरक्षण को एक जनआंदोलन का रूप देना है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके। स्थानीय ग्रामीणों और प्रशासन के सहयोग से इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया है, जिससे क्षेत्र में जल संकट की समस्या को प्रभावी रूप से हल किया जा सके।

इस कार्यक्रम मे जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र जैन सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार यादव पूर्व सरपंच प्रमोद सरवैया महामंत्री यशपाल यादव अनुविभागीय अधिकारी मुंगावली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुंगावली, पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद 'जल प्रकोष्ठ' गुना (म.प्र.)

क्रमांक-47/2025_UAD_411003_1 // निविदा सूचना // गुना, दिनांक 20/03/2025

निम्नलिखित विवरण के अनुसार वर्ष 2025-26 हेतु गुना नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पाइप लाइन विस्तार कार्य के लिये समस्त पंजीकृत ठेकेदारों अथवा अनुभवी फार्मों से ऑनलाईन निविदावे आमंत्रित की जाती है :

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | प्रतिभूति राशि | निविदा का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | गुना शहर के विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न मौहल्लों में पाइप लाइन विस्तार कार्य की दरे UADD के SOR दिनांक 02 August 2021 से प्रभावशील के आधार पर दी जावें। | 2041952/- | 15315/- | 5000/- | 01 वर्ष |

1. निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक - 21-4-2025 समय शाम 5.30 PM तक
2. निविदा प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक - 22-4-2025 समय शाम 5.30 PM तक
3. निविदा खोलने का दिनांक - 24-4-2025 समय सुबह 11.00 AM

नोटः- निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्तें वेवसाईट www.mpetender.gov.in पर अथवा कार्यालयीन समय में आकर कार्यालय में देखी जा सकती है।

सविता अरविन्द गुप्ता
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, गुना (म.प्र.)

तेज सिंह यादव
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, गुना (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### महिला की कुए में गिरने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत 17 किशोरी सपना पुत्री दयाराम बाबरे निवासी ग्राम आगेबा थाना पाली जिला राजस्थान की कुए मे चक्कर आने के दौरान गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जाच की जा रही है।

### ज्वेलर्स की दुकान से 2 जोडी पायलें चोरी

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत बायपास रोड चंदेरी निवासी रूपेश कुमार सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ईदगाह थाना गुना कोतवाली निवासी गोकुल बाई पत्नी बाबूलाल कुशवाह उम्र 55 साल राजमणी ज्वेलर्स की दुकान से 2 जोडी पायले चोरी कर ली गई। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले मे अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने मनोज उर्फ मनका के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। देहात थाने की पुलिस ने पीपलखेडा निवासी फूलसिंह अहिरवार के पास से 12 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### बाइक फिसलने से दो मजदूर घायल

**अशोकनगर।** बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम बंगला चैराहे से अशोकनगर आते समय अथाईखेडा पहुचने से पहले बाइक फिसलने से टी व्ही टावर का काम करने वाले दो मजदूर घायल गए। जिनमे सतपाल पुत्र मोहनलाल लोधी उम्र 35 वर्ष निवासी संसारपुर जिला कटनी,भगवान दास पुत्र किशोरीलाल चैधरी उम्र 31 साल को चोटे आई है। घायलो को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।

### बाइक फिसलने से 30 युवक घायल

**अशोकनगर।** देहात थाने के अंतर्गत स्थानीय शंकर कालोनी मे लोकमान्य स्कूल के पास बाइक फिसलने से एक 30 वर्षीय युवक जसमन पुत्र सुम्मा घायल हो गया था। जिसको उपचार लिए जिला अस्पताल लाया गया है।

### नर्सिंग कॉलेज में रसोइया खाना बनाते हुए जली

**अशोकनगर।** देहात थाने के अंतर्गत स्थानीय डॉक्टर कालोनी के समीप नर्सिंग कॉलेज मे अध्ययनरत छात्राओ को खाना बनाने का काम करने वाली एक रसोइया उस समय जल गई जब वह कॉलेज की छात्राओ के लिए खाना बना रही थीं । कुकर मे दाल बन रही थी। जैसे ही कुकर को उठाया उसमे से गर्म पानी निकलकर उसके हाथो पर गिर गया। जिससे वह जल गई। महिला ने अपना नाम संध्या ओझा बताया है। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। पहले उसने छात्रा के रूप मे अपना परिचय दिया बाद मे उसने अपने आपको रसोइया बताया।

### श्री लवकुश युवा संगठन के जिलाध्यक्ष बने दिनेश परमानंद कुशवाह

**अशोकनगर।** हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा रविवार को कुशवाह समाज के श्री लवकुश युवा संगठन के चुनाव सम्पन्न हुये। जिसमें निर्विरोध दिनेश परमानंद कुशवाह को अशोकनगर का जिलाध्यक्ष चुना गया। चुनाव के मुख्य अतिथि थे कुशवाह समाज संगठन समिति के जिलाध्यक्ष आदरणीय राजेन्द्र बलवीर सिंह कुशवाह। जिन्होंने समाज को पूरे जिले में संगठित होने का आवाहन किया और इस कार्य में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। अन्य अतिथियों में मंच पर महिला संगठन संरक्षक किरण राजेन्द्र कुशवाह, महिला जिलाध्यक्ष दया कुशवाह, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष सबिता कुशवाह, हंसराज कुशवाह, मेहरबान कुशवाह, बृजमोहन ठेकेदार, दादा देवीलाल खिरिया, दयाराम , राजू कुशवाह, चंदेरी से मलखान , पूर्व लवकुश संगठन अध्यक्ष रहे संजय कुशवाह भौंरा, रघुवीर कुशवाह, जितेन्द्र पड़रिया, धर्मवीर डोंगर, कमलेश चिरोला, जगदीश कम्प्यूटर, नरेन्द्र खिरिया, दीपक कम्प्यूटर, बालाराम , संजू मोबाइल, दुर्गेश , कुशवाह समाज ग्रामीण और नगर के युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सभी शासकीय स्कूलों में प्रवेश कार्यक्रम किए गए

# नए शिक्षा सत्र का आगाज, बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेशोत्सव मनाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर जिला मुख्यालय पर उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में स्कूल चलें हम अभियान अन्तर्गत प्रवेशोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम मंगलवार को पूर्व विधायक जजपालसिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व प्रथम सरस्वती माता की पूजन अर्चन कर प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक ने कहा कि सभी बच्चों को अपने माता-पिता से झूठ नहीं बोलना चाहिए एवं ईमानदारी से पढाई करें। जिससे अपने भविष्य को बेहतर बना सके। साथ ही शिक्षकों को भी ईमानदारी से बच्चों को पढाना चाहिए। वह हमारे देश के होनहार बन कर देश की बेहतर सेवा के लिए तैयार हो सके। डीपीसी राहुल शर्मा से स्कूल चलें हम कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आज सभी शासकीय शालाओं में प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा तथा सभी विद्यालयों में बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा।2 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम अन्तर्गत जिले के अधिकारी किसी एक विद्यालय में पहुंचकर बच्चों से संबाद करेंगे। 3 अप्रैल को विद्यालयों में सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा तथा 4 अप्रेल को हार के बाद जीत हैं ध्येय बाक्य के साथ कक्षोन्नति न प्राप्त करने वाले बच्चों के अभिभावकों को आमंत्रित कर उन्हें प्रवेश कराने हेतु प्रेरित किया जाएगा तथा शाला प्रबंधन समितियों की बैठकें आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी जन प्रतिनिधियों ने छात्र/छात्राओं एवं पालकों से अपील की।

इस कार्यक्रम के अवसर पर पीएम श्री एवं उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रों को जन प्रतिनिधियों द्वारा निशुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की गई साथ ही पीएमश्री विद्यालय क्रमांक 4 के ऐसे छात्र जिनकी उपस्थिति 80 प्रतिशत से अधिक रही। ऐसे छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक चैधरी द्वारा किया गया। पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल पर प्रवेश उत्सव विद्यालय में मनाया गया । इस अवसर पर लाउडस्पीकर के द्वारा नवीन प्रवेश हेतु विद्यालय द्वारा ग्राम छीपोन में रैली निकाली गई एवं स्कूल चलो अभियान के पोस्टर द्वारा नारे लगाए गए जिससे अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं एवं पालक जागरूक हो सके इस अवसर पर ग्राम छीपोन के सरपंच श्रीमती आयशा बानो एवं सरपंच प्रतिनिधि इकबाल खान पीएम श्री हाई स्कूल छीपोन के प्राचार्य मनोज कुमार छारी एवं स्कूल स्टाफ में कमल सिंह कुशवाह विनोद कुशवाह मालम सिंह कुशवाह मनीष यादव सुमन लता यादव हेमा श्रीवास्तव एवं पालक तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### राजपुर में नए सत्र में बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेश दिया गया



मंगलवार से नवीन सत्र 25 26 का प्रवेश उत्सव प्रारंभ किया गया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर में बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेश दिया गया एवं रैली निकाली गई। साथ में सरस्वती माता के चित्र पर माल्या अर्पण किया गया और सरस्वती गीत गाकर प्रवेश की शुरुआत की गई इसमें और बच्चों को मिष्ठान भी वितरण किया गया एवं प्रवेश उत्सव पर प्राचार्य महोदय श्री दयाराम मौर्य के द्वारा बच्चों को उद्बोधन दिया गया और सरपंच प्रतिनिधि सफीकखान के द्वारा भी बच्चों को आशीष बच्चन कह गए साथ में और भी अन्य शिक्षकों ने बच्चों को आशीष बच्चन दिए और सभी बच्चों को रोज स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संचालक संजय कुमार बिजली के द्वारा किया गया एवं इस अवसर पर अमर सिंह निगम जितेंद्र जाटव मनोज चारी देवेंद्र बड़ोदिया कमलेश साहू धर्मेंद्र अरोड़ा सर मनीष करिया कर मनीष प्रजापति घनश्याम कुशवाहा नीलम सिंह अतर सिंह सविता मौर्या महेश सेन सुनीता शर्मा ऋचा जैन पूजा यादव नीतू चारी राजेश्वरी शर्मा अंजू करें ओमप्रकाश सुशांत शर्मा फिरोज खान अजय जाटव और गोलू साथ शादी में बड़े धूमधाम से सहयोग किया ।

### नारायणपुर हायर सेकंडरी स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर के प्राचार्य भोलाराम शर्मा द्वारा बताया गया। नई शिक्षा नीति के तहत 1 अप्रैल से विद्यालय में नवीन प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं आज आने वाले बच्चों को विद्यालय में तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया साथ ही शासन के निर्देशानुसार जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर शासन की योजनाओं की छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई आज विद्यालय में नारायणपुर ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि श्याम बाबू सिंह रघुवंशी एवं भारतीय जनता पार्टी पछसर मंडल के अध्यक्ष सनत शर्मा तथा अभिभावकों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तक वितरित की गई। विद्यालय 30 अप्रैल तक विद्यालय समय में सुचारू रूप से संपन्न होंगे छात्र-छात्राओं में बहुत उत्साह देखा गया इस अवसर पर उपलब्ध स्टाफ उपस्थिति रहा।

### पीएम श्री शामावि क्रमांक 04 में मनाया गया जिलास्तरीय प्रवेशोत्सव

स्थानीय पी एम श्री क्रमांक 4 में 1 अप्रैल को भव्य प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम में जिले के सभी जनप्रतिनिधि और समस्त अधिकारी आमंत्रित किए गए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जजपाल सिंह उपस्थित रहे।इसके साथ ही नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा,पार्षद जयमंडल यादव,पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र रघुवंशी,पार्षद विपिन शिवहरे,पार्षद शशि गोपाल ओझा,सांसद प्रतिनिधि संजीव भारील्ल भाजपा जिला महामंत्री



सचिन चैधरी,सहित बृज बिहारी श्रीवास्तव ,नायब तहसीलदार मयंक तिवारी,राज्य शिक्षा केंद्र के प्रदीप मालवीय,डीईओ नीरज शुक्ला ,डीपीसी राहुल शर्मा अनिल खंतवाल सहित सहित अनेक अधिकारीगण उपस्थित रहे।स्वागत भाषण शिवकुमार शर्मा ने दिया।डीपीसी राहुल शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।डीईओ नीरज शुक्ला ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।भोपाल से आए व्ह्ब ने कहा कि यह कार्यक्रम बेहद भव्य है और शासन की मंशानुसार हो रहा है। जनप्रतिनिधियों और पार्षदों ने बच्चों के लिए प्रेरणादाई विचार रखे।इस अवसर पर अतिथियों ने नव प्रवेशी विद्यार्थियों का शाला में प्रवेश कराया,उन्हें पुस्तकें प्रदान की।प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया। सभी अतिथियों ने पालकों से बच्चों को पढ़ाने और शाला भेजने का आग्रह किया।शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की।पूर्व विधायक ने कहा कि पी.एम.श्री स्कूलों में प्रायवेट स्कूलों से बेहतर सुविधाएं और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है।सभी इसका लाभ लें।जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने के लिए संस्था प्रधान सहित स्टॉफ की प्रशंसा की।कार्यक्रम के बाद सभी ने सेल्फी पॉइंट पर फोटो लिए।इसके बाद" विद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं के लिए नवीन सूचना पटल,मन की बात पेटी,ठंडे और स्वच्छ पानी के लिए वाटर कूलर और नवीन कार्यालय, और लैपटॉप,प्रिंटर का लोकार्पण किया" इसके बाद सभी अतिथियों,पालकों और विद्यार्थियों को स्वादिष्ट भोजन कराया गया। विद्यालय में हुए सकारात्मक और रचनात्मक परिवर्तन के लिए विद्यालय के स्टाफ की सराहना की। इस भव्य और अद्वितीय कार्यक्रम के फोटो,वीडियो आपके अवलोकन हेतु प्रस्तुत है।कार्यक्रम उपरांत संस्था प्रधान श्रीमती गायत्री पंत ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## धर्म की स्थापना हेतु जन्म लेते हैं प्रभु श्रीरामः आचार्य देवमुरारी बापू





**अशोकनगर।** अशोकनगर रघुवंशी धर्मशाला के निकट प्रांगण में नवरात्रि के पावन अवसर पर सप्त दिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने राम जन्म के पांच प्रमुख कारण बताते हुए कहा जो व्यक्ति प्रेम और अनुराग के साथ भगवान को याद करता है तो परमात्मा छोटे रूप में बालक के रूप में भी भक्त के आंगन में किलकारी मारने के लिए तैयार हो जाते हैं। जो परमात्मा अपना रूप बढ़ाते हैं तो एक पैर पाताल में दूसरा पृथ्वी और तीसरा ब्रह्मलोक में होता है लेकिन भक्ति के वशीभूत होकर भगवान इतने छोटे बन जाते हैं की माता भी उनको अपनी गोद में ले लेती हैं आज भक्ती का लोग दिखावे मात्र के लिए करते हैं इसीलिए परमात्मा किसी के घर में नहीं आते हैं। राम जैसा बेटा तो हर मां चाहती है लेकिन खुद कौशल्या जैसा बनना नहीं चाहती है इसलिए चरित्रहीन एवं बिगड़ी मानसिकता के पुत्र जन्म लेते हैं हमारा देश राम और कृष्ण का देश है लेकिन दुख की बात यह है कि आज समाज में रावण और कांस्य जैसे लोग ज्यादा दिखाई पड़ रहे हैं कथा में मनु सतरुपा का उदाहरण देते हुए कहा परमात्मा को प्राप्त करने के लिए राज पाठ का त्याग कर दिया। आज अपना घर का गृह कार्य त्याग कर लोग कथा सुनने के लिए कथा प्रांगण में नहीं पहुंचते हैं और लोग घर में सुख शांति चाहते हैं आनंद प्राप्त करने का स्थान एक ही बताया गया है वो है भगवान श्री राम की शरणागति होना क्योंकि भगवान को आनंद और सुख का स्वरूप बताया गया है इससे बड़ा घर परिवार धन दौलत नहीं होता वह सब केवल कुछ समय के लिए होता है अंत में सब कुछ छोड़ करके जाना पड़ता है साथ में केवल सत्कर्म सत्संग और पुण्य ही जाता है इसलिए सत्संग को सबसे बड़ा महत्वपूर्ण बताया गया है मनुष्य के जीवन का उद्धार का कारण केवल राम नाम ही बताया गया है और वही सत्य है और राम नाम राम कथा में 3 घंटे लगातार सुनने को मिलता है इसलिए व्यक्ति का बिना प्रयास ही उद्धार हो जाता है और सारे पाप समाप्त हो जाते हैं राम जन्म के कारण बताते हुए प्रमुखता से धार्मिक होना बताया दशरथ के महल में राम जी का प्रकट हुआ माता कौशल्या ने राम जी को गोद में लेकर सबको दर्शन कारण कथा के अंत में स्तुति गाकर बधाई गाकर कथा को विराम दिया और प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर डॉक्टर दीपक मिश्रा डॉक्टर हरवीर रघुवंशी अजय सिंह रघुवंशी अमर सिंह रघुवंशी नरेंद्र शर्मा अनिल यादव (फौजी) मौजूद थे।

### श्रीराम महोत्सव समिति ने दीप यज्ञ का आयोजन किया



**अशोकनगर।** भगवान श्रीराम की आरती में भव्य दीप यज्ञ किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि तीर्थ नारायण शर्मा डॉक्टर जर मंडल सिंह यादव, डॉ हरवीर रघुवंशी, डॉ राजकुमार शर्मा डॉ संजय श्रीवास्तव मुख्य मुख्य यजमान रहे। आरती के दीप यज्ञ कर सभी समाज से आवाहन किया गया अंधकार को दूर करें अज्ञानता को दूर करें भेदभाव को दूर करें सभी समाज समरस हो ऐसा सभी ने संकल्प लिया इस अवसर पर प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख डॉ दीपक मिश्रा ने सभी को संकल्प दिलाया कि समाज में समरसता लाने के लिए सभी को संकल्प लेना चाहिए जिस प्रकार रामजी ने भीलनी के बेर खाय केवट कों गले लगाया उसी प्रकार सभी समाज कों कुरुतियों कों छोड़ कर एक होना चाहिए तभी भारत विश्व गुरु बनेगा। कार्यक्रम का संचालन विकास जैन बल्ली ने किया। इस मौके पर रामकुमार चौधरी, अशोक रघुवंशी हेमराज नामदेव संतोष शर्मा, देवेंद्र शर्मा, मांडवी शर्मा, राजेश सोनी आदि मौजूद थे।

## जनसुनवाई में 156 आवेदक समस्याएं लेकर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में 156 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण के निर्देश संबंधितों को दिए गए। जनसुनवाई में ग्राम सेमरी लोहाबाद निवासी हरवीर सिंह द्वारा पट्टे की जमीन पर कब्जा दिलाए जाने,ग्राम मथनेर निवासी उदेश द्वारा भूमि का बटांकन कराए जाने,ग्राम दहेला निवासी पचिया बाई द्वारा कृषि भूमि पर कब्जा दिलाए जाने,ग्राम सागर के समस्त ग्रामवासियों द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन वितरण कराए जाने,ईसागढ निवासी बुद्धा अहिरवार द्वारा पट्टा दिलाए जाने,ग्राम चमराई निवासी कलाबाई अहिरवार द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि दिलाए जाने,नईसराय निवासी सारदा बाई द्वारा पट्टे को कम्प्यूटर पर अम्ल कराए जाने,ग्राम पीलीघाटा निवासी राजेन्द्र द्वारा रास्ता दिलाए जाने,ग्राम बावडी खेडा निवासी भगत सिंह अहिरवार द्वारा जमीन पर कब्जा दिलाए जाने,ग्राम बडागांव निवासी कलाबाई अहिरवार द्वारा प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने, ग्राम पिपरई निवासी परमाल सिंह द्वारा जन्म तिथि सुधरवाए जाने, ग्राम गढला निवासी पूजा बाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने संबंधी सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

## जिला स्तर पर पुस्तक मेले का आयोजन दुकानदारों को ही करना पड़ रही व्यवस्था

ऑटो मे भरकर किताबें लाना होगा और ले जाना होगा

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय पर एक जिला स्तरीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले मे दुकानदार अपनी पुस्तको की दुकान लगाने पहुचेगें। लेकिन यहा कोई दुकानदारो के लिए जगह आवांटित की गई है। न टेंट की व्यवस्था है, न रात्रि मे किताबे रखने के लिए कोई स्थान है।

दुकानदार ऑटो मे भरकर किताबे लाएगे और ऑटो मे ही भरकर ले जाएगे। ऐसी अव्यवस्था के बीच कौन दुकानदार मेले मे अपनी दुकान लगाएगा। जिला मुख्यालय पर शासकीय माध्यमिक विघालय क्रमांक 1 पुरानी अदालत के पास यह मेले का आयोजन 2 अप्रै्रल से 6 अप्रै्रल तक किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक इस मेले का आयोजन होगा। इस मेले को लेकर जिला शिक्षाधिकारी नीरज शुक्ला द्वारा सभी प्रायवेट और निजी स्कूलो को कहा गया है कि वह इस पुस्तक मेले मे पहुचकर अपनी पसंद की पुस्तको का क्रय कर ले। यह पुस्तक मेला तब आयोजित हो रहा है। जब स्कूल अपनी पसंद की पुस्तको का निर्णय कर चुका है कि उसे किस प्रकार की पुस्तके अपने स्कूल मे चलाना है। यह पुस्तक मेला सत्र प्रारंभ होने के 2 महिने पहले आयोजित होना चाहिए था।

यहां यह उल्लेखनीय है कि सत्र समाप्त नही हो पाता उसके दो महिने पहले यह तैयारिया शुरू हो जाती है कि कौन सी पुस्तके नए सत्र मे चलना है। दुकानदारो द्वारा सभी स्कूलो को दो महिने पहले से ऑफर दिए जा रहे है कि वह कौन सी पुस्तके चलाना चाहते है वह आकर देख ले। यानि दुकानदारो और स्कूल संचालको के बीच आपसी समन्वय होने के कारण पुस्तको का चयन तो पहले ही हो चुका है। आदेश निकल चुके है। पुस्तके संबधित स्कूलो की पहुचना शुरू हो गई है।

## भक्तों ने जिले की वामोर पहुंच कर मुनि संघ को श्री फल भेंट किए

# जीवन को सहज बनाने की आवश्यकता है आज बनावटी जीवन जी रहेः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनिश्री निरापद सागर महाराज मुनिश्री नीरज सागर महाराज मुनिश्री निरामद सागर महाराज ससंघ को जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री विजय धुर्रा कबूल चन्द्र कोरवास बिट्टू जैन रिषभ कुमार कोरवास सहित अन्य भक्तों ने जिले की वामोर पहुंच कर मुनि संघ को श्री फल भेंट किए एवं अशोक नगर पधारने का निवेदन किया।

मुनिश्री निरापद सागर महाराज ने कहा कि जीवन को सहज बनाने की आवश्यकता है आज लोग पूरी तरह बनावटी जीवन जी रहे हैं बनावटी पन के कारण वास्तविक जीवन से व्यक्ति बहुत दूर हो गया है हमें वास्तविका को सामने रखकर अपने जीवन को उन्नत वनना है जीवन को सहज बनाने के लिए और भी जिन जिन आयामों की आवश्यकता महसूस हो उनको अपने रोज मर्रा की दिन चर्या में लाना है सहजता के साथ सरलता भी आना चाहिए आप संत समागम करते रहते हैं हर जगह यही बात आयेंगी आप लोग कहते हैं यही यही तो सुनते रहते हैं सुनने से बढ़कर अव दैन दैनिक दिनचर्या में शामिल करके ही अपने भावों को निर्मल बनाकर आप आगे बढ़ते चले जायेंगे ।

**अशोक नगर बड़ी समाज है आपके पधारने से समाज को लाभ देंः** विजय धुर्रा इस दौरान जैन समाज अशोक नगर के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि अशोक नगर बड़ी समाज है आपके पधारने से सभी को लाभ मिलेगा यहां विहार भी मात्र तीन दिन का है अगले दिन ही जिले के मुख्य तीर्थ थूवोनजी में परम पूज्य के चरण पड़े थूवोनजी में भी हम सब को सेवा का सौभाग्य प्राप्त होगा इस दौरान वामोर समाज अध्यक्ष कीर्ति जैन डॉ चक्रेश जैन सन्तोष पत्रकार नीलेश जैन सुमत चन्द्र जैन ने जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई सहित सभी का बहुमान किया।

### धर्म हमें सनमार्ग दिखाता है-मुनि श्री

इसके पहले मुनिश्री नीरज सागर महाराज ने कहा कि धर्म हमें सनमार्ग दिखाता है चलना आपको ही पड़ेगा आज तक कोई विना चले मंजिल पर नहीं पहुंच धर्म के दो स्वरूप कहें गये है श्रमण धर्म और श्रावक धर्म आप अब देख सकते हैं कि श्रावक धर्म को हम किस तरह से निभा रहे हैं ये और कोई नहीं हमें ही देखना है श्रावक धर्म में क्या क्या आता है दान पूजा शील और उपवास फिर दान के चार भेद कहें गये इसमें भी कुछ लोग ज्ञान दान को महत्व देते हैं कुछ करुणा दान को कुछ पात्रदान को महत्व देते हैं दान तो सभी श्रेष्ठ कहे गए हैं।

### स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम आज

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में स्कूल चलें हम अभियान का आयोजन 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत 2 अप्रैल को भविष्य भेंट कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा जिले के अधिकारियों को शाला में पहुंचकर एक कालखंड बच्चों के साथ संवाद करने शाला आवंटित किये जाने हेतु आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी,पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार जैन सहित संबंधित आधिकारी आवंटित शालाओं में पहुंचकर बच्चों से संवाद करेंगे।

### ड्यूटी डॉक्टर भी नहीं रहती मौजूद, प्रसूताओं सहित परिजन हो रहे परेशान

# अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी को भी गंभीर बताकर रेफर करना 'इलाज'

## भगवान भरोसे जिला अस्पताल की स्वास्थ सेवाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल की प्रसूती विंग अक्सर विवादों में रहती है। कभी नार्मल प्रसूताओं को यहां से छोटी-मोटी समस्या को गंभीर बताकर रेफर कर दिया जाता है तो कभी परिजनों के साथ स्टाफ के दुव्र्यवहार के मामले सामने आते रहते हैं।

मंगलवार को फिर से प्रसूती विंग में महिला गायनिक चिकित्सक के न आने से प्रसूताओं और उनके परिजनों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खुजनेर अस्पताल से रेफर बखेड़ गांव निवासी प्रसूता लीलाबाई पत्नी राहुल दांगी को सुबह 4 बजे परिजनों द्वारा प्रसूती विंग में भर्ती करवाया गया। सुबह 11 बजे तक नर्सें उन्हें देखती रहीं लेकिन ड्यूटीरत महिला चिकित्सक नहीं पहुंची। ऐसे में परिजनों द्वारा उन्हें समीप के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां 40 हजार रुपए देकर उनका ऑपरेषन किया गया। महिला चिकित्सक के न होने से अकेले ममता दांगी को ही नहीं बल्कि भूरीबाई पत्नी गिर्राज निवासी पड़िया, पवित्रा पत्नी देवीलाल सौंधिया हिम्मतपुरा, संतोष पत्नी प्रतापसिंह ग्राम कांगड़ीखेड़ा ने भी अपनी-अपनी परेषानियां बताईं।

### यहां से वहां घुमाता रहता है स्टाफ

प्रसूताओं के परिजनों ने बताया कि डिलेवरी विंग भगवान भरोसे चल रहा है। यहां से अच्छी सेवाएं तो तहसील स्तर के अस्पतालों में मिल जाया करती हैं। प्रसूताओं के परिजनों द्वारा हंगामा करने की सूचना के बाद जब आरएमओ डॉ. अमित कोली मौके पर पहुंचे उस समय भी डिलेवरी विंग कोई गायनिक मौजूद नहीं पाई गई।

### ड्यूटी चार्ट भी नहीं बदला जाता

डिलेवरी विंग में कब किस महिला चिकित्सक या अन्य नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी है, इसकी जानकारी के लिए ड्यूटी चार्ट भी लगा हुआ है। इस ड्यूटी चार्ट में प्रतिदिन उल्लेखित किया जाना चाहिए कि कब किस चिकित्सक की ड्यूटी है लेकिन तीन, चार दिनों तक इसमें कोई फेरबदल नहीं किया जाता। यह चार्ट महज एक दिखावे के लिए औपचारिकता मात्र के लिए दीवार पर टंगा हुआ है।

### 9 दिनों में 12 केस किए रेफर

डिलेवरी विंग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार गत 24 मार्च से यहां 161 प्रसूताओं व पेट से संबंधित अन्य बीमारियों की महिलाओं को भर्ती किया गया। इनमें से 12 प्रसूताओं को बाहर रेफर किया गया है।

### महिला गायनिक चिकित्सक की कमी

डिलेवरी विंग में महिला गायनिक चिकित्सक की कमी बनी हुई है। इसको लेकर गत दिवस मीटिंग के दौरान सीएमएचओ एवं कलेक्टर साहब को भी हमने बताया था। कोशिश तो यही रहती है कि प्रसूताओं को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**डॉ. अमित कोली,** आरएमओ, जिला चिकित्सालय, राजगढ़

### राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को भी सौंपा ज्ञापन

# विवादित बयान पर बजरंग दल ने फूंका अखिलेश यादव का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



सपा सुप्रीमो अखिलेष यादव द्वारा गौमाता एवं गौषाला के संबंध में दिए गए बयान की सर्वत्र निंदा की जा रही है। उत्तरप्रदेष में जहां सिंयासी पारा गर्म हो चुका है वहीं मप्र में भी इस बयान को लेकर अखिलेष यादव की तीखी निंदा की जा रही है।

इसी कड़ी में विष्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल ने मंगलवार दोपहर खिलचीपुर नाके पर अखिलेष यादव का पुतला फूंका। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा अखिलेष के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। पुतला दहन उपरान्त सभी कार्यकर्ता कलेक्टोरेट पहुंचे जहां राष्ट्रपति के नाम का एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। इस ज्ञापन में प्रमुखता से मांग रखी गई है कि अखिलेष यादव की संसद सदस्यता तत्काल रद्ध कर दी जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि सपा प्रमुख अखिलेष यादव ने गत दिवस कहा था कि 'जिन लोगों को दुर्गंन्ध पसंद है, वे गौषाला बनाते हैं।'

### धार्मिक, सामाजिक एकता के लिए घातक है टिप्पणी

विहिप, बजरंग दल द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि किसी भी व्यक्ति विषेष रूप से एक जनप्रतिनिधि द्वारा इस प्रकार की असंवेदनषील, तुच्छ टिप्पणी न केवल भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है बल्कि सामाजिक एकता के लिए भी घातक है। पुतला दहन एवं ज्ञापन के अवसर पर विहिप जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, जिला गौरक्षा प्रमुख लक्ष्मीनारायण तंवर, चेतराम गुर्जर, आनंद अनंत, मयंक जायसवाल, लखन गुर्जर, नवदीप लोहिया, कुलदीप सिंघी, हेमराज दांगी, राजू मालवीय, प्रकाष तंवर, संतोष राणा, लखन तंवर, चंदन गुर्जर, पंवन तंवर, विषाल करोसिया, मनमोहन प्रजापति, राहुल सहित कईं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## काला जी विराजी महाराज बाबा साहब की मान्यता, करते मन मुरादें पूरी



**छापीहेड़ा।** निकटवर्ती ग्राम भ्याना मैं देवस्थान पर कोतवाल बालू जी गुप्ता बताते हैं कैलाश पंडा कांटेक्ट अपनी अनूठी छाप सरल स्वभाव निस्वार्थ भाव से सबका मन आकर्षित करते तथा सबसे बड़ी बात उनके शरीर में काला जी विराजी महाराज का पोन आता तब मानो उनके चारों ओर अलौकिक अदृश्य शक्तियों का जमावड़ा वहां बैठे दर्शनार्थियों को महसूस होने लगता है तत्पश्चात वहां आने वाली महिलाओं और पुरुषों की मनोकामनाएं ज्वार की मुट्ठी के माध्यम से जानकर समस्याओं का निराकरण किया जाता है। महिलाओं की गोद भरी जाती है जिससे घर आंगन में बच्चों की किलकारी गूंज उठती है विश्वास सहनशीलता जिसने भी कटिबंध तरीके से निभाई उसकी हर मनोकामना इस पावन देवरे से पूरी हुई लकवा तथा असाध्य रोगों से ग्रस्त अस्वस्थ लोग जब यहां आकर अपनी मन्नत के अनुसार पांच पेशी पूरी करते हैं तो वह स्वस्थ अभाव से समृद्ध होते देखे जाते हैं।

### व्रत तभी सार्थक जब झूठ नहीं बोलें

## सत्यता से बढ़कर कोई धर्म नहीं : राकेश कृष्ण आचार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर के बीचो-बीच स्थित चोपड़ा हनुमान मंदिर प्रांगण में उमा इलेक्ट्रिकल साउंड सर्विस परिवार की ओर से आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के दूसरे दिवस महिला पुरुष बड़ी तादाद में राकेश कृष्ण आचार्य कमलसरा के मुखारविंद से कथा सुनकर मंत्र मुक्त हो रहे हैं। जिसमें उन्होंने बताया कि जीते जी प्राणी भागवत कथा नहीं सुन पाए तो मरने के बाद भी पितृ भागवत कथा सुना दी जाए तो उसको मोक्ष प्राप्त हो जाएगा। वही आपने कहा की सत्यता से बढ़कर कोई कर्म नहीं अगर व्रत किया है तो व्रत सफल तभी होगा कि हम झूठ नहीं बोलने की कोशिश करें प्राणी को जिस चीज कि भी आवश्यकता हो उसे उस चीज की पूर्ति करवाना ही सबसे बड़ा धर्म है। चोपड़ा हनुमान मंदिर प्रांगण में भागवत कथा सुनने के लिए महिला पुरुष तथा बच्चे बड़ी तादाद में शामिल होकर कथा श्रवण कर रहे हैं।

# मुनि श्री विनय सागर जी ससंघ का हुआ ब्यावरा नगर आगमन



**ब्यावरा।** परम पूज्य आचार्य श्री 108 विनम्र सागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य पूज्य मुनि श्री विनय सागर जी महाराज ससंघ का मंगल विहार भिंड से इंदौर के लिए चल रहा हे मंगलवार 1 अप्रैल को प्रातः 9 बजे ब्यावरा में मंगल प्रवेश हुआ इंदौर में पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महराज का पट्टाचार्य पदारोहण होगा जिसमें दिगम्बर जैन संत लगभग 400 साधु भगवन का समागम होगा सुमति धाम इंदौर में प्रातः मंगल प्रवेश के बाद 9.30 बजे मुनि श्री के मंगल प्रवचन हुए जिसमें उन्होंने कहा कि नगर में मुनिराज का आना बहुत सौभाग्य और पुण्य से मिलता हे इसका सभी को भरपूर लाभ लेना चाहिए,ब्यावरा में विराजमान अतिशयकारी पार्श्वनाथ भगवान बहुत ही मनोहर हे आपको कही और जाने की आवश्यकता नहीं ब्यावरा के भगवान खुद तीर्थ के समान हे मुनि श्री ने कहा ब्यावरा का प्राचीन मंदिर बहुत शक्तिशाली एवं एनर्जी से भरपूर है

प्रवचन के उपरांत महाराज श्री की आहार चर्या धर्मेंद्र कुमार जी ऋषभ कुमार बाकलीवाल के घर पर बहुत भक्तिभाव के साथ संपन्न हुई जिसमें समाज के अनेक भक्तों ने आहार देकर पुण्य अर्जित किया मुनि श्री के विहार में मुख्य रूप से ऋषभ जैन,संदीप जैन शुभम जैन निखिल जैन,सतीश ,चिंटू,प्रशांत आदि लोग उपस्थित रहें।

## राहुल गौड को मिली गणित विषय में पीएचडी की उपाधि

**ब्यावरा।** राहुल गौड को गणित विषय में मिली पीएचडी उपाधि



ब्यावरा। शहर के निवासी एवं शासकीय लाल बहादुर शास्त्री पीजी महाविद्यालय सिरोंज जिला विदिशा में गणित विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक राहुल गौड को षष्फिक्स्ड प्वाइंट्स कांट्रैक्टिव एक्सपेंसिव एंड नॉन एक्सपेंसिव मैपिंग ऑन न्यू एब्स्ट्रेक्ट स्पेस ष गणित विषय पर बीयू भोपाल द्वारा राहुल गौड को उक्त पीएचडी उपाधि प्रदान की गई, उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानऋ भोपाल के गणित विषय के विभागाध्यक्ष, शोध निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर मनोज कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में पूर्ण किया राहुल गौड, शा नेताजी सुभाष चंद्र महाविद्यालय ब्यावरा के होनहार छात्र रहे हैं संडावता निवासी राहुल के गणित विषय पर राष्ट्रीय ,अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में लगभग 15 शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं राहुल की उपलब्धि पर शापीजी कॉलेज सिरोंज ध्यावरा- संडावता के गुरुजनों, ईस्ट मित्रों समाज, व परिवार के सदस्यों ने बधाइयां दी।

### अतिथियों ने की सरस्वती पूजा

## उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल में प्रवेश उत्सव का आयोजन



**जीरापुर।** शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों का प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके प्रवेश उत्सव समारोह की शुरुआत की गई। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष पवन कुशवाहा ने की। जहां अतिथि गण पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बलराम टांक, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु सिंह पवार नगर अध्यक्ष देवकीनंदन जमीदार शिक्षा समिति अध्यक्ष हेमंत जोशी योग शिक्षा समिति अध्यक्ष दिनेश जमींदार पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष डॉ राम किरार , जनपद सदस्य कुशाल मण्डलोई , गजराज सिंह सोनगिरा , कमल कुम्भकार , शंभू वर्मा , योगेश भावसार तथा संचालन स्काउट शिक्षक गोवर्धन लाल वर्मा एवं आभार प्राचार्य विनोद कुमार चैधरी ने माना।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा पुर्व नपाध्यक्ष बलराम टांक योग शिक्षा समिति अध्यक्ष दिनेश जमींदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवीन शिक्षा निती के तहत 1 अप्रेल से नवीन शिक्षा सत्र शुरू होता है जिसमें बच्चों को विद्यालय में प्रवेश कराया जाता है तथा बच्चों का स्वागत कर रहे हैं प्राथमिक स्तर से बच्चों की नींव तैयार की जाती है बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाए जिससे बच्चों में शैक्षणिक कार्य के प्रति लगाव बढ़ें शासन विधार्थियों का शैक्षणिक स्तर बढे ऐसे में विभिन्न योजनाओं को संचालित कर रही ताकि अच्छी पढ़ाई कर सके। इस अवसर पर शिक्षक हरीश गुप्ता, भेरूलाल शर्मा, गोपाल कृष्ण वर्मा,राकेश भावसार , गोविंद शर्मा, अशोक दांती,शैलेंद्र सिंह राठौड़ ,लक्ष्मी नारायण दांगी, गिरिराज गुप्ता, मुकेश सेन , दिलीप टेलर, आरिफ खान,ओम गुप्ता प्रभुलाल टेलर, सीमा गुप्ता, पवित्रा पाटीदार, कृष्णा ,राजकुमारी सहित स्टाफ परिवार मोजूद था।

## निदंनीय बयान के विरोध में विहिप ने अखिलेश यादव का फूंका पुतला



**ब्यावरा।** सांसद अखिलेश यादव के द्वारा गौ माता के लिए कहे गए निंदनीय शब्दों के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद ने मंगलवार को पीपल चैराहा ब्यावरा पर प्रर्दशन कर पुतला दहन किया। इसमें विहिप बजरंगदल, समस्त सनातन धर्मावलंबियों ने निंदनीय बयान के विरोध में नायब तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। सांसद अखिलेश यादव ने कहा है कि जिन लोगों को दुर्गंध पसंद है वहीं गौशाला बनाते है, यह टिप्पणी गौ माता का घोर अपमान है और हिन्दू धर्म, सनातन संस्कृति एवं भारतीय परंपराओं के अनादन के समान है। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस अपमानजनक बयान का संज्ञान लेकर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, सदस्यता को निरस्त किया जाए, क्योंकि जो व्यक्ति सनातन धर्म, हिन्दू परंपराओं और पूज्य अस्थाओं का सम्मान नही कर सकता, उसे भारत की संसद में जनप्रतिनिधि बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नही है भविष्य में कोई भी व्यक्ति, विशेष रुप से जनप्रतिनिधि गौ माता, हिन्दू धर्म या किसी भी धार्मिक आस्था का अपमान करने का दुस्साहस न कर सके।

### स्कूल चलें हम अभियान

## धूमधाम से मनाया विद्यालय में प्रवेश उत्सव



**सारंगपुर ।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के स्कूल चले अभियान के तहत आज धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, निलेश वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों के ललाट पर तिलक लगाकर माला पहनकर स्वागत सत्कार किया गया एवं पेन एवं पुस्तक भेंट करके के आयोजन को शासन की मंशा अनुरूप मनाया गया। इस दौरान भाजपा नेता निर्मल जैन ने कहा कि बच्चों के बेहतर परीक्षा परिणाम पर शिक्षकों की मेहनत की प्रशंसा की और आगे भी शासन के निर्देशों का पालन होता रहे सभी को प्रेरित किया से वही नपाध्यक्ष पालीवाल ने कहा कि शासकीय स्कूल अब अशासकीय विद्यालय से कमतर नहीं रहेंगे यह भी अपनी मेहनत और परिश्रम से सभी दृष्टिकोण से प्रतिस्पर्धा में लगे हुए हैं।

### जल गंगा संवर्धन अभियानः गीत गाकर श्रमदान किया

## प्राचीन कुएं और बावड़ी के समेत नदी की गाद निकाल कर की साफ-सफाई



**सारंगपुर ।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया जिसमें 30 मार्च से 30 जून 2025 तक प्रदेश के सभी प्राचीन कुएं बावड़ी एवं नदियों के गाद निकाल कर साफ सफाई के साथ संरक्षण संवर्धन का कार्य प्रारंभ किया गया । इस अभियान के अन्तर्गत म प्र जन अभियान सारंगपुर तहसील के ग्राम छायन में जल गंगा मिशन के अंतर्गत लगभग 50 लोगों ने जल अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर जिला समन्वयक प्रवीण पंवार की उपस्थिति में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति छायन द्वारा प्राचीन कुएं बावड़ी की गाद निकाल कर सफाई की।

इस अभियान के तहत राजगढ़ जिले मे लगभग 200 वर्ष पुराने कुएं की साफ सफाई नवांकुर संस्था, समितियों के सदस्य व गांव के लगभग पचास लोगों ने डेढ़ घंटे तक कुएं से मिट्टी निकाल कर, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्य किया इसमें नारा दिया कि नदिया न पिये कभी अपना जल, वृक्ष न खायें कभी अपना फल। अपने तन को मन को धन को देश को दे दे दान रे, वह सच्चा इंसान रे, वह सच्चा इंसान रे गीत को गाते हुए श्रम दान किया। जिसके बाद चैपाल लगाकर लगाकर कार्य किया। इस दौरान इंसान अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर द्वारा संदेश दिया कि जब तक हम हमारे ऐतिहासिक पुराने कुएं, बावडी, नदी, तालाब की साफ सफाई नहीं करेंगे जल संकट गहराता जायेगा इसलिए हमें बरसात के पानी को अधिक से अधिक बोरी बंधान करके रोकना होगा । जमीन में पानी भेजेंगे तभी जल स्तर ऊपर आएगा और कहा कि हम कुएं का पानी उपयोग करते हैं वह हमारे लिए बहुत ही लाभदायक है।

### शिव व माता पार्वती का पूजन किया

## गणगौर पर महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ नाचते व थिरकते जुलूस निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहैड़ा



विशेष उत्साह के साथ गणगौर पर्व पर नगर छापीहैड़ा की महिलाओं ने सुबह से ही आकर्षक वेशभूषाओ से सुसज्जित हो इस पर्व को बड़ा सार्थक रूप दिया मेडतवाल समाज की महिलाओं ने एकत्रित होकर माता का पूजन कर व्रत रखे तथा भगवान शिव व माता पार्वती का पूजन बड़े सार्थक रूप से किया और अपने परिवार के लिए यश के साथ-साथ सुख समृद्धि की कामना की शाम को माता को सिर पर विराजित कर नगर के बाजार श्री राम मंदिर चैक से अटल चैक मुख्य चैराहो से होते ढोल ढमाको के साथ नाचते थिरकते भ्रमण कराया मंदिर में जाकर झाले दिए और माता को पानी पिलाया गणगौर माता का पूजन स्त्री अपने पति की स्वस्थ जीवन दीर्घायु के लिए करती है नगर में भंडारी सेठिया दाख टॉक परिवार की लीलाबाई गुप्ता गीता गुप्ता रेखा पूजा मोना निशा चंदा रानू ज्योति नीतू सीमा विनीता शीतल गुप्ता सभी हिलाओं द्वारा भी उत्साह से पर्व मनाया गया हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को यहां पर्व उत्साह के साथ मनाया जाता आ रहा है इस दिन सुहागिन महिलाएं और कुंवारी लड़कियां इस व्रत को करती हैं और भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा-अर्चना करने का सार्थक विधान है धार्मिक मान्यता के अनुसार इस व्रत को करने से वैवाहिक जीवन खुशहाल होता है और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

### कड़ी मशक्कत से दूसरे दिन मिला शव

## भूसा व्यापारी ने नदी में लगाई छलांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



सोमवार रात्रि 8 बजे के लगभग इटावा निवासी भूसा व्यापारी सुखवीर सिंह ने ट्रक रुकवाकर सारंगपुर कालीसिंध नदी ब्रिज पर से कूद कर छलांग, लगा दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची जानकारी के अनुसार इटावा से इंदौर चने का भूसा ले जाते समय नैशनल हाईवे सारंगपुर कालीसिंध ब्रिज पर भूसा मालिक सुखवीर सिंह ने ट्रक रुकवाया और बोला कि मुझे पूजन करना है और ट्रक रुकते ही सीधे कालीसिंध नदी के बीच से कूद कर अपनी जान दे दी।

जानकारी अनुसार ट्रक क्रमांक यूपी 75 बी टी 6050 से भूसा व्यापारी इटावा से इंदौर चने का भूसा लेकर जा रहे थे इस दौरान सारंगपुर कालीसिंध नदी के ब्रिज पर ट्रक रुकवाकर छलांग लगा दी। वही ट्रक ड्राईवर के अनुसार भूसा व्यापारी सुखवीर सिंह ने नदी में प्रसाद चढ़ाने का बोला था गाड़ी रुकवाई और गाड़ी से उतरकर ब्रिज से कालीसिंध नदी में छलांग लगा दी। घटना से भय भीत होकर ट्रक ड्राईवर ने लोगों से मदद के लिए पुकारा और ट्रक को नेशनल हाईवे कालीसिंध नदी ब्रिज पर आड़ा लगाया जिससे जाम की स्थिति बन गई थी लगभग 15 मिनिट के जाम के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाकर मामले में संज्ञान लिया। वही पुलिस ने नदी में कूदे भूसा व्यापारी सुखवीर सिंह को कालीसिंध नदी किनारे टार्च की सहायता से खोजा लेकिन सुखवीर नहीं मिला।